श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
11.09.2026
भाद्रपद कृष्णपक्ष चतुर्दशी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 21

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.



बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है.



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
भगवान श्रीकृष्ण को लगाया गया छप्पन भोग >> पेज 03 'राणाबाली' का धांसू टीजर रिलीज >> पेज 05

**सुविचार**

सफल मनुष्य बनने के प्रयास से बेहतर है गुणी मनुष्य बनने का प्रयास
-अल्बर्ट आइंस्टीन

**न्यूज अपडेट्स**

### कांगो में लगी आग में 27 बच्चों की मौत, दो स्कूल, 300 घर राख

**किंशासा (कांगो)।** अफ्रीकी देश कांगो के पूर्वी हिस्से में स्थित बुकावु शहर में लगी आग में कम से कम 27 बच्चों (19 लड़कियां और 8 लड़के) की मौत हो गई । आग में 300 घर और दो स्कूल राख हो गए। सुद-किवु प्रांत की राजधानी बुकावु पर रवांडा की सेना और उसके एम23 मिलिशिया का कब्जा है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की आधिकारिक सरकारी समाचार एजेंसी 'एजेंस कांगोलीज डी प्रेसे (एसीपी)' की 10 सितंबर को प्रसारित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एसीपी ने कहा कि अस्पताल और स्कूल के सूत्रों से मिली शुरूआती जानकारी के अनुसार, 29 लोग घायल भी हुए हैं। इनमें से 17 का इलाज कदुतु जनरल हॉस्पिटल में और 12 का कदुतु प्रोविंशियल जनरल रेफरल हॉस्पिटल में चल रहा है। स्कूल के सूत्रों के अनुसार, 300 से ज्यादा घरों में आग लगा दी गई। दो स्कूल - बागीरा कम्यून में ईपी मोसाला और कदुतु कम्यून में ईपी नोंगों भी प्रभावित हुए हैं। आग कैसे लगी, इसके सही कारणों का तुरंत पता नहीं चल सका। सूत्रों ने बताया कि आग तीन सड़कों - काशेके, लुगुलु और एलिला तक फैल गई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, हमें नहीं पता कि बुकावु में क्या हो रहा है। एक महीने के अंदर आग लगने की 18 घटनाओं में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमें सरकार की मदद की जरूरत है। स्कूल का नया सत्र शुरू हो रहा है। ऐसे में हमें नहीं पता कि हम बच्चों के साथ रात कहां बिताएंगे।

**श्रीबंशीधर नगर** ► बिहार-यूपी सीमा का महत्वपूर्ण इलाका, बंशीधर मंदिर तक पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालु भी परेशान

# गड्ढों में फंसा भवनाथपुर विस क्षेत्र

## सड़क खराब तो बाजार सूना, कारोबार मंदा और एंबुलेंस की रफ्तार पर ब्रेक

## सड़कों ने रोक दी विकास की रफ्तार!

नीलू चौबे

**श्री बंशीधर नगर।** सड़क सिर्फ डामर और गिट्टी की एक पट्टी नहीं होती। सड़क किसी क्षेत्र की आर्थिक धड़कन, विकास की रफ्तार और जिंदगी बचाने वाली लाइफलाइन होती है। लेकिन भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क की बदहाली इसी धड़कन को कमजोर कर रही है। बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़े इस महत्वपूर्ण इलाके में सड़कें यदि बेहतर हों तो इसका लाभ सिर्फ स्थानीय लोगों को नहीं, बल्कि पड़ोसी राज्यों से आने वाले हजारों लोगों को भी मिलता है। वहीं सड़कें टूटती हैं तो उसका असर सीधे बाजार, कारोबार, पर्यटन, रोजगार और स्वास्थ्य व्यवस्था पर दिखाई देता है। भवनाथपुर की भौगोलिक स्थिति और बंशीधर मंदिर की धार्मिक पहचान इसे सामान्य विधानसभा क्षेत्र से अलग बनाती है। बंशीधर मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु हों या कारोबार के सिलसिले में आने-जाने वाले लोग–सुगम सड़क पूरे क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को गति देती है। लेकिन सड़क खराब होने पर सबसे पहले लोग अनावश्यक यात्रा से बचते हैं। फिर बाजार में ग्राहक घटते हैं। बिक्री गिरती है। परिवहन महंगा होता है। और धीरे-धीरे पूरी स्थानीय अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ने लगता है।

### सड़क टूटी तो सिर्फ रास्ता नहीं टूटा, विकास का रास्ता भी टूटा

किसी क्षेत्र में उद्योग, व्यापार, पर्यटन और रोजगार की संभावनाएं तभी मजबूत होती हैं, जब वहां पहुंचना आसान हो। खराब सड़क निवेश और कारोबार दोनों के लिए बाधा बनती है। व्यापारी को माल ढोने में अधिक समय और खर्च लगता है। किसान को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने में परेशानी होती है। आम आदमी को रोजमर्रा के आवागमन में अतिरिक्त समय और पैसा खर्च करना पड़ता है। सड़क की बदहाली का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि वह क्षेत्र को उसकी संभावनाओं के अनुरूप आगे बढ़ने से रोक देती है। सड़क अच्छी हो तो बाहर का ग्राहक अंदर आता है। सड़क खराब हो तो स्थानीय ग्राहक भी बाहर निकलने से पहले सोचता है।

### बंशीधर मंदिर की आस्था से बाजार तक जुड़ी है सड़क

बंशीधर मंदिर सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ा अवसर है। बाहर से आने वाला श्रद्धालु केवल मंदिर में दर्शन कर वापस नहीं लौटता। वह स्थानीय दुकानों से पूजा सामग्री खरीद सकता है, भोजन कर सकता है, वाहन में ईंधन भरवा सकता है और बाजार की अन्य सेवाओं का इस्तेमाल कर सकता है। यानी एक श्रद्धालु का आवागमन स्थानीय स्तर पर कई परिवारों की आमदनी का माध्यम बन सकता है। लेकिन यदि सड़क खराब हो और यात्रा कठिन हो जाए तो लोगों का आवागमन कम होगा। इसका सीधा असर दुकानदारों और छोटे कारोबारियों पर पड़ेगा।

### सीमा क्षेत्र की सड़क कमजोर तो कारोबार की सीमा भी छोटी

भवनाथपुर का बिहार और उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ाव इसे व्यापारिक और परिवहन की दृष्टि से महत्वपूर्ण बनाता है। सीमा क्षेत्र में सड़क जितनी बेहतर होगी, उतनी ही अधिक आवाजाही और व्यापार की संभावना बढ़ेगी। लेकिन खराब सड़क सीमा क्षेत्र की इस ताकत को कमजोरी में बदल सकती है। लोग वैकल्पिक मार्ग तलाशेंगे, व्यापारी अनावश्यक परिवहन से बचेंगे और ग्राहक ऐसे बाजार की ओर जा सकते हैं जहां पहुंचना आसान हो। सड़क अच्छी तो सीमा अवसर बनेगी, सड़क खराब तो वही सीमा आर्थिक बाधा बन जाएगी।

### सड़क से आती है बाजार की रौनक

किसी भी बाजार की सबसे पहली जरूरत ग्राहक है और ग्राहक के लिए सबसे जरूरी है आसान पहुंच। जब सड़क खराब होती है तो लोग बाजार आने से बचते हैं। इसका असर छोटे दुकानदारों पर सबसे पहले पड़ता है। चाय की दुकान से लेकर होटल तक, पूजा सामग्री विक्रेता से लेकर कपड़ा और किराना दुकानदार तक–हर छोटे कारोबार की कमाई ग्राहक की आवाजाही पर निर्भर है। ग्राहक घटा तो बिक्री घटेगी और बिक्री घटी तो रोजगार पर असर पड़ेगा। इसलिए सड़क का सवाल केवल सड़क बनाने या मरम्मत करने का सवाल नहीं है। यह इस क्षेत्र के बाजार की सांस चलती रहेगी या नहीं, इसका भी सवाल है।





### गड्ढे बढ़ा रहे हैं वाहन मालिकों का खर्च

सड़क के गड्ढे सरकारी फाइल में भले एक मरम्मत योग्य समस्या हों, लेकिन वाहन मालिक के लिए यही गड्ढे हर महीने बढ़ते खर्च का कारण बनते हैं। खराब सड़क पर दोपहिया और चारपहिया वाहनों को लगातार झटके झेलने पड़ते हैं। टायर, सस्पेंशन, शॉक एब्जॉर्बर, ब्रेक और वाहन के दूसरे हिस्सों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। नतीजा–बार-बार सर्विसिंग, ज्यादा मरम्मत और अतिरिक्त खर्च। व्यावसायिक वाहन चालकों के लिए नुकसान और बड़ा है। वाहन खराब हुआ तो मरम्मत का खर्च अलग और वाहन खड़ा रहने से कमाई का नुकसान अलग। यानी खराब सड़क का भुगतान अंततः आम आदमी अपनी जेब से करता है।

### एंबुलेंस की रफ्तार रोक सकता है एक गड्ढा : यहां तो हैं गड्ढे ही गड्ढे

सड़क की बदहाली का सबसे खतरनाक चेहरा तब सामने आता है, जब कोई मरीज जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा हो। दुर्घटना, हार्ट अटैक, प्रसव, गंभीर बीमारी या किसी अन्य आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचने का हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। एंबुलेंस को खराब सड़क पर तेज चलाना जोखिम भरा होता है। चालक को गड्ढों और टूटे हिस्सों के बीच वाहन की गति नियंत्रित करनी पड़ती है। इससे अस्पताल पहुंचने में अतिरिक्त समय लग सकता है। जिस सड़क पर आम वाहन की रफ्तार टूटती है, उसी सड़क पर जिंदगी बचाने वाली एंबुलेंस की रफ्तार भी थम जाती है।

**सड़क खराब होने का मतलब है–ग्राहक कम, बिक्री कम व आमदनी पर चोट।**

### अब गड्ढे नहीं, जवाब चाहिए

भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सड़कें केवल वाहन चालकों की परीक्षा नहीं ले रही हैं। वे पूरे क्षेत्र की विकास क्षमता की परीक्षा ले रही हैं। सवाल यह नहीं कि सड़क पर कितने गड्ढे हैं। सवाल यह है कि इन गड्ढों के कारण क्षेत्र ने कितना कारोबार खोया, कितने वाहन मालिकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ा, कितने लोगों ने यात्रा टाली और कितनी बार मरीजों को खराब रास्ते से गुजरना पड़ा। एक सड़क सुधरती है तो सिर्फ रास्ता नहीं सुधरता–बाजार चलता है, कारोबार बढ़ता है, रोजगार बनता है, पर्यटन बढ़ता है और जिंदगी को समय पर इलाज मिलने की संभावना मजबूत होती है। इस क्षेत्र को गड्ढों से भरी सड़क नहीं, विकास की रफ्तार से जुड़ी सड़क चाहिए। अब जरूरत केवल आश्वासन की नहीं, बल्कि ऐसी सड़क की है जिस पर वाहन भी दौड़ें, कारोबार भी दौड़े और विकास भी।

### सड़क में गड्ढे हैं या विकास में?

बंशीधर की आस्था तक पहुंचने वाला रास्ता बदहाल हुआ तो मंदिर के साथ बाजार भी होगा प्रभावित।

### सड़क खराब होने के चार बड़े नुकसान

01 **विकास पर ब्रेक** : आवागमन मुश्किल होने से व्यापार, निवेश और पर्यटन की संभावनाएं प्रभावित।
02 **बाजार पर चोट** : लोग कम आएंगे तो दुकानदारों की बिक्री और स्थानीय कारोबार पर सीधा असर।
03 **वाहन खर्च बढ़ेगा** : टायर, सस्पेंशन, ब्रेक और अन्य हिस्सों की मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च।
04 **एंबुलेंस की रफ्तार थमेगी** : खराब सड़क आपातकालीन मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में अतिरिक्त समय का कारण बन सकती है।

## जेएसएससी-सीजीएल नियुक्तियों को रद्द करने के सरकार के आदेश पर हाइकोर्ट की रोक

# कर्मचारियों को काम जारी रखने का निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जेएसएससी - सीजीएल परीक्षा के विज्ञापन संख्या 10/2023 के तहत हुई नियुक्तियों को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश के अमल पर रोक लगा दी। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने नियुक्तियां रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया। इन मामलों में शालिनी सुंडी सहित अन्य, रोजलिन श्वेता तिग्गा एवं अन्य तथा ऋषिकेश सज्जन सहित अन्य याचिकाकर्ता शामिल हैं। हालांकि, सभी याचिकाकर्ताओं को अंडरटेकिंग दाखिल करने का निर्देश दिया गया है कि आपराधिक मामले में ट्रायल कोर्ट का अंतिम आदेश उन पर बाध्यकारी होगा और उसके आधार पर सरकार कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर 2026 को होगी। अदालत ने जारी अधिसूचना संख्या 06/लो.से.आ.-01-07/5408 के संचालन, क्रियान्वयन और अनुपालन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। साथ ही सरकार को निर्देश दिया गया है कि इस अधिसूचना से प्रभावित नियुक्त कर्मचारियों को फिलहाल काम जारी रखने दिया जाए। अदालत ने यह निर्देश याचिकाकताओं के साथ-साथ समान स्थिति वाले अन्य प्रभावित कर्मियों पर भी लागू करने को कहा है। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स, कुमार अभिषेक और अर्पण एम. एक्का ने पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि विज्ञापन के तहत सभी याचिकाकताओं की विधिवत नियुक्ति हुई थी, लेकिन भर्ती प्रक्रिया को अचानक रद्द कर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। कार्रवाई से पहले उन्हें न तो नोटिस दिया गया और न ही अपना पक्ष रखने का अवसर मिला।

अदालत ने प्रथम दृष्टया कहा कि नियमित नियुक्ति को प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किए बिना बाधित या समाप्त नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि चुनौती दी गई अधिसूचना में फिलहाल ऐसे पर्याप्त आधार या सामग्री दिखाई नहीं देती, जो इतनी कठोर कार्रवाई को उचित ठहरा सके।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहिताश्य राय ने कहा कि विभिन्न नागरिकों की शिकायतों के आधार पर सीआईडी गहन जांच कर रही है और मामले में कुछ गिरफ्तारियां भी हुई हैं। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितता सामने आई है, जिसके कारण सरकार ने विज्ञापन संख्या 10/2023 के तहत हुई नियुक्तियों को रद्द किया। अदालत ने माना कि फिलहाल सुविधा का संतुलन याचिकाकताओं के पक्ष में है। कोर्ट ने यह भी कहा कि अधिसूचना का क्रियान्वयन जनहित के प्रतिकूल है।

उल्लेखनीय है कि सीआईडी जांच के आधार पर सरकार ने 18 अगस्त की रात टीडीपीएल से जुड़ी परीक्षाओं को रद्द करने की घोषणा की थी। कार्मिक विभाग की अधिसूचना में 22 परीक्षाओं को रद्द करने, 6 की प्रक्रिया स्थगित करने और 17 परीक्षाओं को जांच के दायरे में रखने का उल्लेख है।





# बरडीहा पंचायत समिति की बैठक में विकास योजनाओं में तेजी पर जोर

बंशीधर न्यूज

**बरडीहा :** प्रखंड पंचायत समिति बरडीहा की बैठक गुरुवार को उप प्रमुख सत्येंद्र पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पंचायत समिति के सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने किया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये 16 वें वित्त आयोग के तहत वार्षिक योजना तैयार करने सहित प्रखंड में विकास कार्यों को गति देने पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत समिति के विकास कार्यों में तेजी लाने तथा आवंटित राशि का समुचित और समय पर उपयोग सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। पंचायत समिति सदस्यों की ओर से रखी गई मांगों और प्रस्तावों पर चर्चा के बाद कई नई योजनाओं को भी शामिल किया गया। बैठक में वर्तमान में एनजीटी की रोक के कारण बालू की उपलब्धता में आ रही समस्या पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि 15 अक्टूबर के बाद बालू की आपूर्ति सुचारू होने की उम्मीद है, जिसके बाद निर्माण एवं अन्य विकास कार्यों में तेजी आने की संभावना है। बीडीओ ने संबंधित कर्मियों और जिम्मेवार लोगों को स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने तथा कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में बीपीआरओ सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गणेश सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि ललन यादव, पंचायत समिति सदस्य तारा देवी, मो. युसुफ अंसारी, निर्मला देवी, सुनीता देवी सहित अन्य पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### जेंडर आधारित हिंसा पर एनएचएम की कार्यशाला 11 को

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड की ओर से जेंडर संवेदनशीलता और महिला सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को आईपीएच कॉन्फ्रेंस हॉल रांची में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और जेंडर आधारित हिंसा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। यह जानकारी गुरुवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के तहत एनएचएम झारखंड मुख्यालय की आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया गया है जिसके तहत डॉ पुष्पा को समिति का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके साथ ही पॉश अधिनियम के तहत शिकायतों के ऑनलाइन संकलन और निष्पादन के लिए विकसित शी-बॉक्स पोर्टल की जिम्मेदारी भी उन्हें सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि पुनर्गठित समिति में राज्य यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अनिमा किस्कू, राज्य कार्यक्रम समन्वयक अकय मिंज और राज्य समन्वयक रफत फरजाना सहित यूनिसेफ और आईसीआरडब्ल्यू के प्रतिनिधियों को सदस्य बनाया गया है।

## गढ़वा सीएससी संचालकों को सख्त निर्देश

# एसआईआर में गड़बड़ी पर होगी एफआईआर

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में उप निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद कुमार झा ने जिले के सीएससी सेंटर संचालकों के साथ ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में एसआईआर-2026 को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। संचालकों को पूरी सावधानी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा गया। बैठक में स्पष्ट किया गया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता, फर्जी दस्तावेज, गलत जानकारी अथवा इलेक्टोरल डाटा में हेरफेर को गंभीरता से लिया जायेगा। प्रस्तुत किये जाने वाले दस्तावेजों में छेड़छाड़, कूट रचना या फर्जीवाड़ा नहीं करने का निर्देश दिया गया। सीएससी संचालकों को मतदाताओं के इलेक्टोरल डाटा में गलत जानकारी दर्ज करने, तथ्य छिपाने अथवा किसी भी प्रकार का मैनीपुलेशन करने से सख्ती से मना किया गया। साथ ही विदेशी नागरिकों का नाम या दस्तावेज गलत तरीके से शामिल न हो, इसे लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि नियमानुसार आवश्यकता होने पर एसआईआर से संबंधित दस्तावेजों के रूप में खतियान एवं वंशावली अथवा परिवार सूची उपलब्ध कराई जा सकती है। वहीं संदिग्ध, गलत या फर्जी दस्तावेज के आधार पर किसी प्रकार का ऑनलाइन आवेदन अथवा प्रविष्टि नहीं करने का निर्देश दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी सीएससी संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज, गलत जानकारी या इलेक्टोरल डाटा में छेड़छाड़ की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ बीएनएस के प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने संचालकों से संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी या अंचल अधिकारी को देने को कहा। साथ ही एसआईआर-2026 के कार्यों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

## लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, वाहन जांच व नशाखोरी पर कार्रवाई का एसपी ने दिया निर्देश

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** एसपी आशुतोष शेखर की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें जिले के सभी थाना और ओपी क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के अनुसंधान एवं निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। गोष्ठी में एसपी ने आगामी गणेश चतुर्थी, करमा पूजा और विश्वकर्मा पूजा को लेकर सभी थाना व ओपी प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने संभावित असामाजिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने, चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिये गश्त बढ़ाने और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिये विशेष सतर्कता बरतने को कहा। एसपी ने मालखाना प्रदर्श एवं एनडीपीएस से संबंधित वस्तुओं का नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सीमावर्ती थाना क्षेत्रों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर पशु तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने का निर्देश दिया। नशाखोरी, बाल विवाह, डायन-बिसाही, सड़क सुरक्षा सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ थाना स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने नियमित रूप से दोपहिया व चारपहिया वाहनों की सघन जांच करने और एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपाय करने को कहा गया। विगत माह में दर्ज मामलों की समीक्षा करते हुए एसपी ने अनुसंधान में तेजी लाने तथा एससी-एसटी और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामलों का निर्धारित समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नक्सली कांडों के त्वरित निष्पादन, पेट्रोलिंग की क्यूआर कोड से निगरानी, वारंट-कुर्की के निष्पादन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर प्राप्त करने और पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन निर्धारित अवधि में पूरा करने को कहा गया। इसके अलावा ड्रंक ड्राइविंग, चोरी, लूट, डकैती, आर्म्स एक्ट, साइबर अपराध, एनडीपीएस, सीसीए और आईटी एक्ट से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई तथा ई-साक्ष्य पर कांडों की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने आमजनों की सुरक्षा और शिकायतों के त्वरित निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## त्योहारों को लेकर प्रशासन अलर्ट

# पंडाल से लेकर विसर्जन तक सुरक्षा के कड़े निर्देश

**रांची।** आगामी त्योहारों को लेकर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। बैठक में पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा की गई। राजधानी रांची में आने वाले गणेश चतुर्थी, करम पर्व, दुर्गापूजा, दीपावली, छठ और काली पूजा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा, ट्रैफिक, साफ-सफाई



और विसर्जन व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कई अहम निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने पूजा समितियों को पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। पंडाल में आने-जाने के लिए पर्याप्त रास्ते, इमरजेंसी एग्जिट, सुरक्षित बिजली वायरिंग और अग्निशमन उपकरण की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया गया। प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया कि पंडाल या तोरण द्वार को बिजली के खंभे, ट्रांसफॉर्मर या किसी अन्य विद्युत संरचना से सटाकर नहीं बनाया जाएगा। बिजली विभाग को पूजा पंडालों का नियमित निरीक्षण करने और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पूजा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर भी प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती दिखाई है। समितियों को तय किए गए विसर्जन मार्ग का ही इस्तेमाल करना होगा। विसर्जन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की एमवीआई जांच, चालक के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच और नो-एल्कोहोल टेस्ट के बाद ही वाहन को विसर्जन में शामिल करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए पूजा समितियों से अंडरटेकिंग भी लेने को कहा गया है। करम पर्व के दौरान तालाबों और पूजा स्थलों पर भीड़ को देखते हुए नगर निगम को साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था करने को कहा गया है। जरूरत पड़ने पर क्रेन की व्यवस्था भी रखने का निर्देश दिया गया। छठ पर्व को लेकर सभी घाटों की समय पर सफाई, पर्याप्त लाइटिंग, सुरक्षित रास्ते और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। ज्यादा भीड़ वाले घाटों पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

## गायत्री शक्तिपीठ में धूमधाम से मना श्रीकृष्ण का छठी उत्सव, सोहर गीतों से गूंजा परिसर



**श्री बंशीधर नगर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ में गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण का छठी उत्सव श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री शक्तिपीठ के प्रखंड समन्वयक अजित कुमार चौबे एवं परिव्राजक ललसू राम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना से की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के छठी उत्सव में शामिल होकर पूजा-अर्चना की और सुख, शाति एवं समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत भगवान श्री कृष्ण की आरती के बाद हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और पारंपरिक सोहर गीतों से गायत्री शक्तिपीठ परिसर भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर में पूरे दिन महिलाओं ने एक से बढ़कर एक पारंपरिक सोहर गीत प्रस्तुत कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव और छठी उत्सव को उल्लासपूर्ण बना दिया। वहीं ब्यास उपेंद्र राम ने भी एक से बढ़कर एक सोहर गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद महाभंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जोखू प्रसाद, अनिल लाल अग्रवाल, रामप्रसाद कमलापुरी, विद्या भाष्कर छोटू, राजेश जायसवाल, उपेंद्र कुमार मेहता, कामेश्वर प्रसाद, अनीता देवी, पूजा अग्रवाल, प्रज्ञा कुमारी, मीना देवी, इंद्रावती देवी, श्रेयांश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## स्व ओंकार नाथ शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, लोगों ने किया नमन



**केतार :** केतार के प्रमुख चिकित्सक व समाजसेवी स्व ओंकार नाथ शर्मा की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया तथा उनके सामाजिक एवं चिकित्सा के क्षेत्र में किये गये योगदान को याद किया। इस अवसर पर उनके पुत्र डॉ निशंक निश्रम ने कहा कि उनके पिता स्व ओंकार नाथ शर्मा ने अपना पूरा जीवन जरूरतमंद लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया। पढ़ाई पूरी करने के बाद केतार पहुंचकर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का इलाज किया। वे साइकिल से गांव-गांव जाकर जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचते थे। डॉ निशंक ने कहा कि स्वर्गीय ओंकार नाथ शर्मा ऐसे लोगों की भी मदद करते थे, जिनके पास इलाज कराने के लिये पर्याप्त पैसे नहीं होते थे। उन्होंने चिकित्सा सेवा को केवल पेशा नहीं, बल्कि समाजसेवा का माध्यम बनाया। उनके निधन से क्षेत्र ने एक महान चिकित्सक और समाजसेवी को खो दिया है, जिसकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। उन्होंने कहा की ऐसे महान पुरुष को मेरा शत-शत नमन। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोगों ने स्वर्गीय ओंकार नाथ शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुये उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा और समाज के प्रति उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों के लिये प्रेरणा बना रहेगा। उस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सेवा संकल्प अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी संजय जायसवाल का भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्वागत

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को सेवा संकल्प अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी और लोकसभा के मुख्य सचेतक संजय जायसवाल पहुंचे। प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि संजय जायसवाल बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। पार्टी नेताओं ने उनके आगमन पर खुशी जाहिर की।

# कुलपति पर कार्रवाई से छात्र संगठनों में जश्न, कुलसचिव हटाने के फैसले पर जताया विरोध



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) के कुलपति प्रो डॉ दिनेश कुमार सिंह के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाये जाने के बाद गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में छात्र संगठनों ने जश्न मनाया। छात्र नेताओं ने पटाखे फोड़कर कार्रवाई को छात्रों की जीत बताया। वहीं कुलसचिव को हटाये जाने के फैसले का विरोध करते हुये इसे वापस लेने की मांग की। छात्र संगठनों का आरोप है कि कुलपति के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगाये जाने के बाद रात में कुलसचिव को हटाने संबंधी पत्र जारी किया गया और नये कुलसचिव की नियुक्ति कर दी गई। छात्र नेताओं ने इस पूरी प्रक्रिया और इसके अधिकार को लेकर सवाल उठाते हुये विश्वविद्यालय प्रशासन से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से छात्रों से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में कुलपति पर हुई कार्रवाई के बाद छात्रों में उत्साह है। साथ ही कुलसचिव को हटाने के निर्णय का विरोध करते हुये इसे वापस लेने की मांग की। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, रिशु राज दुबे, आपसू से कमलेश पांडेय, आइसा से गौतम दांगी तथा जेसीएम से कौशल किशोर सहित अन्य छात्र कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अडेट्स

### राधाकृष्ण किशोर के पुत्र प्रशांत किशोर बने झारखंड एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष




**मेदिनीनगर :** झारखंड कांग्रेस ने संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुये वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के पुत्र प्रशांत किशोर को पार्टी के अनुसूचित जाति (एससी) विभाग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आदेश जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष की मंजूरी के बाद यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से प्रभावी हो गई है। प्रशांत किशोर को मिली इस अहम जिम्मेदारी को झारखंड में अनुसूचित जाति वर्ग के बीच कांग्रेस की संगठनात्मक पकड़ मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उनके सामने एससी समाज के बीच पार्टी की पहुंच बढ़ाने, नये कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने और विभाग को बूथ स्तर तक मजबूत करने की चुनौती होगी। पार्टी के इस फैसले को संगठन में युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने की कवायद के रूप में भी देखा जा रहा है। अब प्रशांत किशोर की सक्रियता और संगठनात्मक भूमिका पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा राजनीतिक हलकों की नजर रहेगी।

## श्री बंशीधर मंदिर धूमधाम से मनाई गई भगवान श्रीकृष्ण की छठी

# भगवान श्रीकृष्ण को लगाया गया छप्पन भोग

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भगवान का छठी उत्सव गुरुवार को धूमधाम के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। मंदिर के आचार्य सत्यनारायण मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद विष्णु सहस्त्र नाम से अर्चन किया गया। तत्पश्चात भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। उसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के छठी उत्सव के अवसर पर बंशीधर मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं के जय श्रीकृष्णा, राधे-राधे एवं बाबा बंशीधर भगवान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके पूर्व दोपहर में भी ट्रस्ट की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उस मौके पर श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, मंदिर के प्रधान पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अधिवक्ता ब्रजेश चौबे, डॉ निशीथ नीरव, वीरेंद्र प्रसाद कमलापुरी, सुरेश विश्वकर्मा, शांति भूषण पांडेय, सुजीत लाल अग्रवाल, हजारी प्रसाद, मंदीप प्रसाद, मंटू पांडेय, मनीष जायसवाल, नागेंद्र प्रसाद, रुपेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु मौजूद थे।

## अविनाश देव बने झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** झारखंड कुम्हार समाज को सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय बैठक रांची के रातू रोड स्थित चंद्रवंशी भवन में आयोजित की गई। बैठक में राज्यभर में अलग-अलग नामों से संचालित कुम्हार समाज के संगठनों को एक मंच पर लाने और झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के बैनर तले संगठित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव को समिति का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। समाज के प्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में राज्यभर के कुम्हार समाज को एक मजबूत और प्रभावी मंच मिलेगा। बैठक में आरक्षण, हक-अधिकार तथा सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले कुम्हार परिवारों तक पहुंचाने की मांग को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिये छात्र, युवा, महिलाएं और सभी वर्गों को एकजुट होकर आगे आना होगा। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि कुम्हार समाज के सम्मान, अधिकार और विकास के लिये वे पूरी मजबूती से काम करेंगे। समाज की जायज मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के समक्ष रखा जायेगा। बैठक में रांची में समिति का राज्य कार्यालय स्थापित करने तथा भविष्य में समाज का अपना भवन बनाने पर भी सहमति बनी। भवन में दूरदराज से आने वाले छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं जरूरतमंद लोगों के ठहरने की व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया। एक समाज, एक मंच, एक आवाज के संकल्प के साथ बैठक का समापन हुआ।

## दुर्गा सोरेन के विचारों से आज भी मिलती है नई ऊर्जा : राजेंद्र सिन्हा



**मेदिनीनगर :** झामुमो कार्यालय में गुरुवार को पार्टी के दिवंगत नेता स्व दुर्गा सोरेन की 56 वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों एवं संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान वीर दुर्गा सोरेन अमर रहें के नारों से झामुमो कार्यालय परिसर गूंज उठा। उस मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि स्व दुर्गा सोरेन भले ही आज भौतिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार और संघर्ष आज भी कार्यकताओं के बीच जीवंत हैं। उन्होंने कहा स्व दुर्गा सोरेन आज भी हमारे लिये जिंदा हैं, क्योंकि हम उनके बताये मार्ग पर चल रहे हैं। उनकी कही एक-एक बात जब याद आती है तो शरीर नई ऊर्जा और उत्साह से भर जाता है। उन्होंने कहा कि स्व दुर्गा सोरेन ने झारखंड के अधिकार, जल-जंगल-जमीन और आम लोगों के सम्मान के लिये संघर्ष किया। उनका जीवन और संघर्ष पार्टी कार्यकताओं के लिये सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस दौरान कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत करने और झारखंड के हितों की रक्षा के लिये एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। मौके पर सन्नू सिद्दीकी, चंदन सिन्हा, हाजी शामिम अहमद, सुशीला मिश्रा, सालोनी टोप्पो, रांजन चंद्रवंशी, रामनाथ चंद्रवंशी, सुनील तिवारी, अविनाश देव, शन्नी शुक्ला सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लगभग 90 हजार स्कूल बंद करने वाली सरकार छात्रों की हितैषी कैसे हो सकती है : कमाल खान



**मेदिनीनगर :** झामुमो के वरिष्ठ नेता कमाल खान ने भाजपा पर शिक्षा और छात्रों के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का विकास उसकी शिक्षा व्यवस्था के मानक पर निर्भर करता है। जो सरकार सरकारी स्कूलों की वास्तविक स्थिति देश के सामने रखने से परहेज करती है, वह खुद को विश्व गुरु बनाने वाली या छात्रों की हितैषी सरकार नहीं कहला सकती। कमाल खान ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में अपने अधिकारों और मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे छात्रों के प्रति पुलिस का रवैया चिंताजनक है। दिल्ली के जंतर-मंतर से लेकर गोरखपुर में भूख हड़ताल कर रहे छात्रों तक के मामलों का हवाला देते हुये उन्होंने कहा कि देश ने छात्रों के प्रति भाजपा सरकारों का रवैया देखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भी भाजपा छात्रों के मुद्दों को लेकर राजनीति कर रही है। झारखंड की जनता भाजपा के शिक्षा और छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर उदासीन एवं ढुलमुल रवैये को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिये पूरी ईमानदारी से काम कर रही है और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

## छोटू सिंह हत्याकांड के बाद 18 घंटे सड़क जाम, 18 नामजद समेत 100 पर केस

**हुसैनाबाद :** छोटू सिंह उर्फ ओमप्रकाश सिंह हत्याकांड के बाद हुसैनाबाद-जपला क्षेत्र में हुये सड़क जाम और हंगामे ने अब कानूनी रूप ले लिया है। सिद्धनाथ गेट मुख्य मार्ग के समीप टायर जलाकर सड़क अवरुद्ध करने, पुलिस-प्रशासन के साथ कथित दुर्व्यवहार और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने 18 नामजद समेत 80 से 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। हुसैनाबाद के बीडीओ सह सीओ पंकज कुमार के लिखित बयान पर मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी के अनुसार 2 सितंबर की रात करीब साढ़े आठ बजे पुरंदर बिगहा में छोटू सिंह को गोली मारे जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। घायल छोटू सिंह को अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के आग्रह पर शव पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर भेजा गया। आरोप है कि 3 सितंबर की रात करीब एक बजे शव मेदिनीनगर ले जाने के दौरान सिद्धनाथ गेट के समीप पेट्रोल पंप के पास लोगों ने टायर जलाकर सड़क जाम कर दी। बांस-बल्ला लगाकर आवागमन बाधित किया गया। समझाने के बावजूद भीड़ नहीं हटी। प्राथमिकी में नारेबाजी, गाली-गलौज और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप भी लगाये गये हैं। करीब 18 घंटे बाद शाम सात बजे पुलिस बल की मौजूदगी में जाम हटाया गया। नामजद आरोपियों में विभूति नारायण सिंह, सन्नी सिंह, शुभम सिंह, विकास सिंह, पंकज सिंह, नीरज सिंह, डीएसपी सिंह, अमन सिंह सहित 18 लोग शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा अज्ञात आरोपियों की पहचान के लिये साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है।

## अपराधियों पर सख्ती व आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एसपी कपिल चौधरी

# एसपी ने विश्रामपुर थाने का किया विस्तृत निरीक्षण

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर :** एसपी कपिल चौधरी ने गुरुवार को विश्रामपुर थाना का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, लंबित कांडों के अनुसंधान, वारंट एवं कुर्की के निष्पादन, पासपोर्ट सत्यापन, अभिलेखों के संधारण तथा थाना परिसर की साफ-सफाई की समीक्षा की। एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने गंभीर एवं लंबित कांडों के अनुसंधान में तेजी लाने तथा साक्ष्यों के आधार पर गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करते हुये निर्धारित समय में आरोप-पत्र समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी मामले के अनुसंधान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिये। उन्होंने लंबित वारंट एवं कुर्की के मामलों की समीक्षा करते हुये फरार और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये विशेष अभियान चलाने को कहा। साथ ही नियमित वाहन जांच, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों पर निगरानी तथा रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया। एसपी ने बैंकों, एटीएम, वित्तीय संस्थानों, बाजारों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्ती और सतत निगरानी रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और आम जनता की सुरक्षा एवं सुविधा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। पुलिसकर्मी आमजन के साथ सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार करते हुये उनकी शिकायतों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान थाना के अभिलेखों को अद्यतन रखने, परिसर में स्वच्छता बनाये रखने तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पूरी ईमानदारी, अनुशासन और तत्परता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

# झांझी नदी पर पुल का अप्रोच पथ टूटा, 15 गांवों का संपर्क कटने का खतरा



## तेज बारिश से बसडीहा में नदी किनारे मिट्टी का कटाव, स्कूल जाने वाले बच्चों पर भी खतरा

बंशीधर न्यूज

**पांडू :** लगातार हो रही बारिश से महुगांवा-मुरमा खुर्द मुख्य पथ पर बसडीहा के समीप झांझी नदी पर बने पुल का अप्रोच पथ टूट गया है। इससे पुल के भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अप्रोच पथ की मरम्मत नहीं कराई गई तो पुल को भी नुकसान पहुंच सकता है। पुल क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पांडू प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के करीब 15 गांवों का प्रखंड मुख्यालय से सीधा संपर्क पूरी तरह कट सकता है। इसे लेकर ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। इधर झांझी नदी के किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय बसडीहा के पास भी तेज बहाव से मिट्टी का कटाव हो गया है। विद्यालय की दीवार के समीप महज करीब दो फीट जमीन बची है। इसी संकरे रास्ते से होकर बच्चे विद्यालय परिसर में लगे नल से पानी पीने जाते हैं। कटाव के कारण रास्ता बेहद खतरनाक हो गया है। बच्चे डरते हुये पानी लेने जाते हैं। सावधानी नहीं बरती गई तो कोई बच्चा नदी में गिरकर हादसे का शिकार हो सकता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि मामले की जानकारी संबंधित विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों ने पुल के अप्रोच पथ और विद्यालय के समीप हुये कटाव की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

## न्यूज अपडेट्स

### बाबा गणिनाथ जयंती का 42वां वार्षिक महोत्सव 12 को

**मेदिनीनगर :** पलामू डाल्टनगंज मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज द्वारा परम पूज्य बाबा श्री गणिनाथ जी की जयंती का 42 वां वार्षिक महोत्सव 12 सितंबर को टाउन हॉल डाल्टनगंज में धूमधाम से मनाया जायेगा। समारोह में पलामू प्रमंडल के पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिले से बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल होंगे। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 7 बजे से पूजा, हवन एवं यज्ञ के साथ होगी। सुबह साढ़े नव बजे झंडोतोलन और 10 बजे प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसके बाद सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। दोपहर 1 बजे बच्चों, बच्चियों एवं महिलाओं के लिये विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू प्रमंडल संदीप कुमार होंगे।

### रेलवे टनल के समीप से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**मोहम्मदगंज :** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भीम चूल्हा रेलवे टनल के समीप गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की सूचना पर मोहम्मदगंज थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों एवं लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि मृतक के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी हो या कोई व्यक्ति लापता हो, तो तत्काल मोहम्मदगंज थाना को सूचना दें, ताकि मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचना दी जा सके।

**गढ़वा** डंडा में चलंत न्याय रथ ने ग्रामीणों को किया जागरूक

# मुकदमों के त्वरित निष्पादन की दी जानकारी

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के आदेश पर चलंत लोक वैन न्याय रथ डंडा प्रखंड पहुंचा। एलएडीसी नित्यानंद दुबे एवं स्थायी लोक अदालत के सदस्य सत्यानारायण सिन्हा ने ग्रामीणों को निःशुल्क कानूनी सहायता और लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित निस्तारण की जानकारी दी। डंडा ब्लॉक परिसर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुये नित्यानंद दुबे ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को न्याय से वंचित न होना पड़े, इसके लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से पात्र लोगों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि जिनकी सालाना आय तीन लाख रुपये तक है, महिला, बच्चे, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग, औद्योगिक दुर्घटना से पीड़ित, जेल में बंद कैदी तथा बाढ़, भूकंप, जातीय हिंसा से पीड़ित एवं मानसिक या बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता के पात्र हैं। मौके पर 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत सह मेगा अदालत की भी जानकारी दी गई। ग्रामीणों से सुलहनीय आपराधिक मामले, बैंक ऋण, उपभोक्ता मामले, पारिवारिक विवाद, बिजली एवं वन विभाग से जुड़े मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण कराने की अपील की गई। बताया गया कि लोक अदालत का अधिनिर्णय सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है। मामले के निष्पादन के बाद कोर्ट फीस वापस कर दी जाती है तथा लोक अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील का प्रावधान नहीं है। इस दौरान ग्रामीणों के बीच कानूनी जागरूकता संबंधी पर्चे भी वितरित किये गये। मंच का संचालन सूत्री तृप्ति ने किया। मौके पर पीएलवी बीरेन्द्र साव, कृष्णानंद दुबे, संगीता सिन्हा, सुनीता पांडेय, नरेश चौधरी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# वन विभाग ने की कार्रवाई, खैर लकड़ी लदा ट्रैक्टर जब्त, दो गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** वन विभाग ने भवनाथपुर वन क्षेत्र में अवैध रूप से खैर लकड़ी के पातन एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के आदेश पर 9 सितंबर की रात वनपाल सुनील राय के नेतृत्व में टीम गठित कर मकरी गांव में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि खैर प्रजाति की लकड़ियों का अवैध रूप से पातन कर महिंद्रा ट्रैक्टर पर लोड कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने कार्रवाई करते हुये खैर लकड़ी से लदे महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। मामले में भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुये अपराध में शामिल दो आरोपियों मिरी विश्वकर्मा और सूरज पाल को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में वनपाल अनुप सिंह, प्रमोद कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार, ओम प्रकाश उरांव, दया शंकर सिंह, यशवन कुमार, निरंजन कुमार एवं द्रोण कुमार सहित भवनाथपुर और नगर वन प्रक्षेत्र के वनकर्मी शामिल थे। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध रूप से लकड़ी के कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्र में अवैध पातन और लकड़ी के परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### विष्णु मंदिर तालाब सुंदरीकरण योजना के स्थल बदलाव की अनुशंसा




**विशुनपुरा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित विष्णु मंदिर तालाब के सौंदर्यीकरण एवं छठ घाट निर्माण की स्वीकृत योजना के स्थल में बदलाव का प्रस्ताव सामने आया है विधायक अनंत प्रताप देव ने डीसी को पत्र भेजकर वैकल्पिक स्थल पर योजना कराने पर विचार करने की अनुशंसा की है। जानकारी के अनुसार विधायक ने नौ अगस्त को विष्णु मंदिर स्थित तालाब के सुंदरीकरण कार्य की आधारशिला रखी थी। इसके बाद 26 अगस्त को डीसी को पत्र भेजकर योजना के स्थल में बदलाव की अनुशंसा की गई। योजना के लिये अनावद मद से 24 लाख 36 हजार 400 रुपये की राशि स्वीकृत है। पत्र में ग्रामीणों की सुविधा और स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुये बांकी नदी के किनारे अथवा सूर्य मंदिर के समीप छठ घाट निर्माण के लिये वैकल्पिक स्थल पर विचार करने का सुझाव दिया गया है। इधर विष्णु मंदिर तालाब की भूमि के स्वामित्व को लेकर भी स्थिति स्पष्ट किये जाने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार तालाब का पूर्व में स्पेशल डिवीजन से करीब 12 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कराया गया था। जिला परिषद की निधि से यहां छठ घाट का निर्माण भी कराया गया है। योजना मूल स्थल पर होगी या वैकल्पिक स्थल पर इसका निर्णय प्रशासन को लेना है। अब स्थानीय लोगों को प्रशासनिक निर्णय का इंतजार है।

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नावाबाजार :** थाना क्षेत्र के कंडा गांव में बुधवार की रात करीब आठ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 55 वर्षीय धर्मेंद्र साव की मौत हो गई। मृतक कंडा गांव निवासी स्व नागेश्वर साव के पुत्र थे। परिजनों के अनुसार धर्मेंद्र साव बुधवार की शाम अपने पुराने घर गये थे। रात करीब आठ बजे वह वहां से अपने नये घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से सड़क पर गिरकर वे गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें इलाज के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उधर मृतक के परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी व्यक्ति ने बाइक से जानबूझकर धर्मेंद्र साव को धक्का मारा था। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। जांच के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

### छूटे हुये मतदाताओं के लिये हुई विशेष सुनवाई



**रमना :** प्रखंड के मध्य विद्यालय गम्हरिया मतदान केंद्र पर गुरुवार को मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत छूटे हुये मतदाताओं के लिये विशेष सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नाम जुड़वाने से वंचित रह गये 100 मतदाताओं को नोटिस भेजकर सुनवाई में शामिल होने के लिये कहा गया था। समाचार भेजे जाने तक 70 मतदाता सुनवाई में उपस्थित हुये। मौके पर सीओ विकास पांडेय ने उपस्थित मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जो योग्य मतदाता किसी कारणवश मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित रह गये हैं, उनके लिये सुनवाई के माध्यम से अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जा रहा है। पात्र मतदाता इस प्रक्रिया का लाभ उठाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि पात्रता रखने वाले सभी लोग निर्धारित प्रक्रिया में भाग लेकर अपने मताधिकार से संबंधित अभिलेखों को दुरुस्त कराएं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, बीएलओ सहित एसआईआर कार्य से जुड़े प्रखंड कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

**सुदिव्य कुमार के निधन पर विश्वविद्यालय में शोकसभा, कुलाधिपति दिनेश कुमार ने कहा**

# पीड़ादायक है मंत्री सुदिव्य कुमार का निधन

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार के हृदयाघात से गिरिडीह स्थित मर्सी हॉस्पिटल में आकस्मिक निधन पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय फरठिया में शोकसभा आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह, कुलसचिव, पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने दिवंगत मंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्री सुदिव्य कुमार का निधन झारखंड के लिये अपूरणीय क्षति है। उन्होंने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के विकास तथा युवाओं के हित में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके निधन से राज्य ने एक समर्पित जनप्रतिनिधि और जनसेवक को खो दिया है। कुलपति ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करते हुये कहा कि सुदिव्य कुमार का असामयिक निधन अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। विश्वविद्यालय परिवार इस कठिन घड़ी में शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है तथा उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है। शोकसभा के दौरान विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोक-संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की गई। मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, पदाधिकारी, कर्मचारी एवं काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।




## 'हुंकार : द रोअर' के ट्रेलर में दिखी शक व विश्वास की दिलचस्प कहानी

**जियोहॉटस्टार** ने अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर सीरीज 'हुंकार : द रोर' का ट्रेलर जारी कर दिया है। सीरीज में अनीत पड्डा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि फातिमा सना शेख भी अहम किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर में अनीत 'मीनू रावत' के रूप में अपराध और शोषण के खिलाफ आवाज उठाती नजर आती हैं। वहीं, फातिमा महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका में दमदार अंदाज में दिखाई दे रही हैं। सीरीज की कार्यकारी निमार्ता प्रियंका चोपड़ा हैं और इसका निर्माण बिड़ला स्टूडियोज तथा अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने किया है।

करण डी. कपाडिया, नित्या मेहरा और हीराज मरफतिया के निर्देशन में बनी इस सीरीज की कहानी 17 साल की मीनू के इर्द-गिर्द घूमती है। वह प्रभावशाली व्यक्ति बापजी के शोषण का शिकार होती है, लेकिन इसके खिलाफ आवाज उठाने का फैसला करती है। अपनी लड़ाई में उसे कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सबूत जुटाने से लेकर अपनों का साथ पाने तक, उसके सामने कई चुनौतियां आती हैं, लेकिन वह पीछे हटने के लिए तैयार नहीं होती। इस संघर्ष में फातिमा का किरदार भी मीनू की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

'हुंकार : द रोर' की कहानी विद्रोह, ताकत, विश्वास और अपने फैसले खुद लेने जैसे विषयों को सामने लाती है। सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, अर्जुन माथुर, रघुबीर यादव और राम कपूर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। ट्रेलर सामने आने के बाद सीरीज को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई है। 'हुंकार : द रोर' का प्रीमियर 25 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर होगा।

## सात भागों में बनेगी 'श्रीमद् भागवतम्', मेकर्स ने किया बड़ा ऐलान




रामानंद सागर की ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए 'सागर पिक्चर्स एंटरटेनमेंट' ने अपनी महत्वाकांक्षी महाकाव्य फिल्म श्रृंखला 'श्रीमद् भागवतम्' का ऐलान किया है। 'भागवत महापुराण' पर आधारित इस फ्रेंचाइजी को कुल सात भागों में बनाया जाएगा। इसके पहले भाग 'श्रीमद् भागवतम् भाग 1: विष्णुराता' का टीजर पोस्टर जारी कर दिया गया है। 'विष्णुराता' का अर्थ 'विष्णु द्वारा संरक्षित' है और यह नाम भागवतम् महापुराण से लिया गया है। फिल्म के टीजर पोस्टर में भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद देते हुए हाथ नजर आ रहा है। पोस्टर का स्वरूप आध्यात्मिकता और भारतीय परंपरा से जुड़ा हुआ है। इसके साथ 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र के साथ भागवतम् की गाथा के आरंभ का संदेश दिया गया है। पोस्टर सामने आने के बाद फिल्म की भव्यता और विषय को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ गई है। 'श्रीमद् भागवतम् भाग 1: विष्णुराता' का निर्देशन आकाश सागर चोपड़ा और अमृत सागर चोपड़ा कर रहे हैं। निमार्ताओं ने फिल्म को बड़े स्तर पर तैयार करने की योजना बनाई है। फ्रेंचाइजी का पहला भाग 2027 में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की कहानी, कलाकारों और अन्य जानकारियों का खुलासा निमार्ताओं की ओर से आने वाले समय में किया जाएगा।

## नेपाल में बाढ़ से 783 मेगावाट क्षमता की जलविद्युत परियोजनाओं को पहुंचा नुकसान



### टेढ़ी टोला पहुंचे दीपक प्रताप देव

# जर्जर सड़क दुरुस्त कराने की घोषणा

बंशीधर न्यूज



**धुरकी :** युवा नेता दीपक प्रताप देव ने क्षेत्र में अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। वे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के गांव और टोले में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद कर रहे हैं। इसी कड़ी में वे प्रखंड के खाला पंचायत स्थित टेढ़ी टोला पहुंचे। दीपक प्रताप देव के पहुंचते ही ग्रामीण महिला-पुरुषों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि टेढ़ी टोला आजादी के बाद से ही मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। टोले के लोगों के अनुसार अब तक क्षेत्र में रहे किसी भी जनप्रतिनिधि ने यहां पहुंचकर उनकी समस्याओं को जानने की पहल नहीं की। ग्रामीणों के एक फोन पर दीपक प्रताप देव के टोले में पहुंचने से लोगों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने टोले की जर्जर सड़क की समस्या उनके समक्ष रखी। इस पर दीपक प्रताप देव ने सड़क को मिट्टी-मोरम से दुरुस्त कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वे क्षेत्र के गांव-टोले तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान उन्होंने वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव और पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2029 के विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता वर्तमान और पूर्व दोनों जनप्रतिनिधियों को जवाब देगी। कार्यक्रम का संचालन महताब अंसारी ने किया। मौके पर मजबुद्दीन अंसारी, हकीक अंसारी, सफी अंसारी, सुदामा रवि, अजय राम, भगड़ु पाल, सुरेंद्र बैठा, बीरझन बैठा, फैजुल्लाह अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## कंडा पैक्स में धान खरीदारी में हुई भारी अनियमितता, कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार



**नावा बाजार :** थाना के कंडा पैक्स में धान की खरीदारी में बरती गई अनियमितता व किसानों के लाखों रुपये अपने खाते में लेनदेन करने के आरोप में कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। कंडा पैक्स के अध्यक्ष प्रभुनारायण सिंह ने कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध नावा बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के आलोक में हुई जांच पड़ताल के बाद कंप्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध किसानों के नाम पर लाखों रुपये हेराफेरी करने के सुबूत मिले हैं। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि जांच में मिले पर्याप्त सबूत के आधार पर आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार गुप्ता को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं मामले की जांच पड़ताल अभी भी किया जा रहा है।

## शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि




**गढ़वा :** भारतीय वायुसेना के वीर योद्धा शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी की पुण्यतिथि पर कर्नल संजय अखौरी के आवास, शहीद फ्लाईट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी रोड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों ने शामिल होकर शहीद मनु अखौरी को श्रद्धा-सुमन अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित रम्यभूमि ट्राईबल सैन्य परिवार कल्याण फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि देश की रक्षा और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को याद करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। शहीदों का त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि वीर जवानों की वीरगाथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करती रहेगी। देश की सुरक्षा के लिये प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों का सम्मान करना राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। मौके पर फाउंडेशन के मुख्य प्रमंडलीय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ तीनों जिला इकाई समितियों के प्रतिनिधि, सेवानिवृत्त एवं सेवारत सैनिक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

## अनिमेष ने हाई जंप में कांस्य, संगीता ने रजत पदक



**गढ़वा :** तीसरे झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये दो पदक हासिल किये। प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 9 सितंबर तक बोकारो के चंदनक्यारी स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया था। प्रतियोगिता के अंडर-20 बालक वर्ग के हाई जंप स्पर्धा में गढ़वा के अनिमेष कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुये कांस्य पदक हासिल किया। वहीं अंडर-20 बालिका वर्ग में संगीता कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेलप्रेमियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों की सफलता पर गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शिव कुमार पांडेय, सचिव आलोक मिश्रा, संयुक्त सचिव सुशील तिवारी, कोषाध्यक्ष अजय कांत सहित अभिषेक सिंह, रमाशंकर सिंह, सुशील सिंह और ओमप्रकाश गुप्ता ने बधाई दी। वहीं जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी, संरक्षक अमृत शुक्ला, राकेश पाल, रेखा चौबे, अनीता दत्त और उमेश सहाय ने भी दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह सहित सतेंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र पाल, सुनील कुमार, शमशाद अहमद, अतुल भारद्वाज, किशोर कुणाल और चंद्र बहादुर सिंह ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। खेल संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि अन्य युवा खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करेगी।

### शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

# वक्ताओं ने कहा-शहीदों का त्याग है प्रेरणास्रोत

### शहीदों का सम्मान करना राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** भारतीय वायुसेना के वीर योद्धा शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी की पुण्यतिथि पर कर्नल संजय अखौरी के आवास, शहीद फ्लाईट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी रोड में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकताओं एवं गणमान्य लोगों ने शामिल होकर शहीद मनु अखौरी को श्रद्धा-सुमन अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित रम्यभूमि ट्राईबल सैन्य परिवार कल्याण फाउंडेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि देश की रक्षा और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को याद करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। शहीदों का त्याग और बलिदान देशवासियों के लिए हमेशा प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि वीर जवानों की वीरगाथा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा, त्याग और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करती रहेगी। देश की सुरक्षा के लिये प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों का सम्मान करना राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। मौके पर फाउंडेशन के मुख्य प्रमंडलीय कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ तीनों जिला इकाई समितियों के प्रतिनिधि, सेवानिवृत्त एवं सेवारत सैनिक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी के बलिदान को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)